SHRI G. C. BHATTACHARYA: I am entitled to know. I would like to know: what is the law which imposes a bar. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Bhattacharya, this is a very curious method. He is explaining. You should have the patience to hear him.

SHRI G. C. BHATTACHARYA: You should help me.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am helping you. Unless you hear him, how can I help you? On every sentence if you stand up and make a comment, nobody can reply. *(Interruptions)*. He is replying to that. Now please sit down. *(Interruptions)*

SHRI NARAYAN DATT TIWARI: What happened was, under the procedure established by the Tribunal itself they formulated certain tentative proposals and those tentative proposals were modified by the Tribunal in its own wisdom, in its final report. For that the Government is not at all responsible. It is only the Tribunal that is responsible but it would be unfair to allege that the Tribunal was influenced by anybody. And I may assure the hon. Member that this Government has not been influenced by any person, in any manner, by any so-called jute press or any proprietor as mentioned, and when the decision of the Government of India is announced, he will himself in good conscience see that this is not so, and that our decision is equitable, legal, and fair.

Then the hon. Member said that the emoluments will be reduced. Of course, I cannot foreclose the decision that may be taken, but I must assure the hon. Member that whatever else be the decision, the existing moluments of the working or non-working journalists will be protected under section 16. We shall protect the existing emoluments. There is no question whatsoever of the Award being modified to reduce the emoluments.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Buddha Priya Maurya—not there. Shri Shah—not there. Yes, Mr. Jagdish Prasad Mathur.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मंत्री जी ने आश्वासन तो काफी दिए हैं, पूरे कितने होंगे परमात्मा जाने। मुझसे पहले जो बोले हैं उन्होंने भी तथ्य रखे जिनका प्रतिवाद मंत्री जी ने किया है। मैं उनके सामने एक तथ्य रख देता हूं. . . *(Interruptions)*.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उन्होंने कहा है, और ठीक कहा है जूट प्रेस की तरफ से शायद कोई दबाव नहीं आएगा लेकिन वह जानते होंगे कि तथ्य यह है कि जूट प्रेस और दूसरा प्रेस—जिसको मैं साम्यवादी कहूंगा कांग्रेस-आई कहूंगा—मिल कर दबाव डालते रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं

मंत्री जी से कि क्या यह सच नहीं है कि नेशनल हैराल्ड के मैनेजर श्री यशपाल कपूर 5 अगस्त 1980 के दिन बम्बई गए और उन्होंने ट्राइब्यूनल से डिसकस किया। दबाव डाला कि नहीं डाला? इट इज़ अ फैक्ट। यह इन्होंने ठीक कर दिया कि जट प्रेस ने प्रभाव नहीं डाला। ठीक है लेकिन इनके घर के आदमी ने नेशनल हैराल्ड के मैनेजर ने---इनकी तरफ से डाला और वह कांग्रेस-आई के बड़े नेता, अधिकारी है, यह सच है। तो अब आगे प्रभाव में नहीं आयेंगे ऐसी मेरी कम से कम विनती है। इन्होने कहा, इन्टेरिम रिपोर्ट आई; ठीक है, आई। आप उसको लागू नहीं कर सकते है, बिलकुल सच है कि नहीं कर सकते। लेकिन आपको मालम तो हो गया क्या हुआ है कुछ बातों से, ये तथ्य जो हमारे साठे साहब बात कर रहे है---सुन लें साठे साहब---इनका कहना है कि ट्राइब्यूनल के अवार्ड के बाद हमने नहीं हटाया। ठीक है। लेकिन जब उनको तथ्य मालूम हो गए कि ट्राइब्यूनल का अवार्ड क्या आने वाला है---उसको बीच में हटा दिया। समझ में नहीं आता आप क्या कह रहे हैं। आफिशियली जब आया तब आपने हटाया, उससे पहले आपको मालूम हुआ तब आपने हटाया। यानी, इम्प्लायर के नाते से जो चालाकी बिड़ला जी, टाटा जी आदि करते है, आपकी जानकारी के बिना इन अधिकारियों ने कर डाला। इसको आप ज़रा संभाल लें... (*Interruptions*) ...हो सकता है, इनकी सहमति हो। मैं तो बचाना चाहता हूं, शरीफ आदमी हैं ये---इम्प्लायर है।

नंबर दो: मंत्री जी ने कहा है कि कानूनी बाधाएं हैं, ठीक है। तो कानूनी बाधाओं को दूर करने के दो तरीके हैं। आप माइनर माडिफिकेशन बिना नोटिफिकेशन के कर सकते हैं। माइनर मोडिफिकेशन इस अवार्ड में क्या हो सकता है यह आप निर्णय कर ले। लेकिन अगर मेजर मौडिफिकेशन आपको करना हो तो आप कर सकते है, उसमें केवल आपको नोटिफिकेशन करना पड़ेगा और नोटिफिकेशन करने के बाद दोनों पार्टियों को सुनना पड़ेगा और दोनों पार्टियों के ऊपर अपना दबाव डाल कर मनाना पड़ेगा। यह आप ने खुद कहा है कि कमीशन ने लिखा है---उसको मैं दोहराना नहीं चाहता---कि बहुत से मालिकों ने झूठे आंकड़े दिये हैं, गलत आंकड़े दिये है और उनको सुधारने की उन्होंने हिम्मत नहीं की। हर एम्प्लायर करता है। यह मैं नहीं कहता कि उन्होंने नहीं किया, जरूर करते हैं। लेकिन अब आप पर जिम्मेदारी है कि आप माइनर मोडीफिकेशन करना चाहते हैं या नही। मै उदाहरण देता हूं। कमीशन ने यह रिकमेंड किया है कि इन्क्रीमेंट जिस दिन से यह एवार्ड लागू होगा उस दिन से दिया जाये---शायद आप नोटिफिकेशन कर रहे है---लेकिन इससे हजारों रुपए का नुकसान एक कर्मचारी का हो जायेगा। यदि आप यह मोडीफिकेशन कर दें कि जो उसकी डेट आफ एपोइन्टमेंट है उस दिन से उसको बाकायदा इन्क्रीमेंट दिया जायेगा तो बहुत से कर्मचारियों का भला आप कर देंगे। यह मेजर मोडीफिकेशन नहीं है जिसके लिए कानूनी बन्धन हो। (*Time bell rings*) दो एक बातें तो कहने दीजिए।

श्री उपसभापति: एक-आध मिनट में खत्म करिये।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: दूसरे इसमें उन्होंने रिकमेंड किया है कि यदि किसी का वेतन ऐसा है जो इस समय की रिकमेंडेशन के अनुसार ज्यादा बैठता है तो आगे उसके इन्क्रीमेंट बन्द करके उसकी पे के साथ बैठाया जायेगा। यह कौन सा तरीका है? तरीका यह है कि जिसको जितना वेतन मिलता है वह घट ही नहीं सकता। उसकी कोई गलती नहीं है।

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

इनडायरेक्टली आप उसकी आमदनी पांच साल तक बढ़ने से रोक रहे हैं। यह कहां का तरीका है? यह रांग है। यह माइनर मोडीफिकेशन है जो आप कर सकते हैं जिसके लिए कोई कानूनी बन्धन नही है।

मेरी बहिन अल्वा ने हाउस रेन्ट का जिक्र किया, डी० ए० का जिक्र किया। डी० ए० के लिए जो सरकारी कर्मचारियों पर कायदा लागू करते हैं वह यहां करने के लिए क्यों तैयार नहीं हैं। इनके लिए कन्ज्यूमर प्राइस इन्डेक्स 329 आप ने बेस माना है। यह क्यों? इनके लिए 329 और सरकारी कर्मचारियों के लिए 360 आप ने माना है। अखबार वालों को आप .83 देंगे जब कि बाकी सरकारी कर्मचारियों को 1.83। यह भी माइनर मोडीफिकेशन के नाते कर सकते हैं और यह करना चाहिए।

ऐसे ही हाउस रेन्ट है जो सरकारी कर्मचारियों के लिए 15 परसेंट है शायद। आप ने जब समाचार बनाया तब 15 परसेंट दिया था। आप ने अब 15 परसेंट से काट कर 6 परसेंट कर दिया, जिनको ज्यादा मिलता था उनका काट दिया, जिनको नहीं मिलता है उनको 6 परसेट दिया। यह मेजर मोडीफिकेशन है जो आप नोटीफिकेशन से कर सकते हैं। यह 15 परसेंट हाउस रेंट मालिक देने को क्यों तैयार नहीं हैं?

तीसरी बात। मालिक चिल्ला रहे हैं कि हम मर जायेंगे। कोई मालिक कभी मरता नहीं। कमीशन ने खुद कहा है कि पिछली रिकमेंडेशन्स के बाद--मालिकों ने 76 में कहा था कि हम मर जायेंगे लेकिन मरे नहीं--400 परसेट मुनाफा हो गया। फिर भी आप अगर चाहते हैं तो तरीका निकाल सकते हैं। बड़े न्यूजपेपर्स को विज्ञापन गवर्नमेंट कामर्शियल रेट पर देती है। लेकिन गवर्नमेंट अपने विज्ञापन छोटे पेपरों को, मीडियम पेपरों को उस रेट पर नहीं देती। अगर कामर्शियल रेट उनको दे तो उनका फायदा हो जायेगा। न्यूजप्रिन्ट आपको बाहर से भी मंगाना पड़ता है। उस पर आप सेल्स टैक्स क्यों नहीं कम करते। मेरा निवेदन है कि आप विश्वास से काम लीजिए और माइनर मोडीफिकेशन जो आपके अधिकार में हैं उनको कर दीजिए और बाकी मेजर मोडीफिकेशन के लिए नोटीफिकेशन निकालिये, एम्प्लायर्स को कहिये कि जो उचित बातें हैं वह होनी चाहिएं।

श्री नारायण दत्त तिवारी : श्रीमन्, विद्वान संसद्-सदस्य राजस्थान ने. . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : नहीं, मैं उत्तर प्रदेश का हूं। मेरे नाम के राजस्थान के सदस्य लोक सभा में हैं।

श्री नारायण दत्त तिवारी : विद्वान संसद सदस्य उत्तर प्रदेश ने--श्रीमन, मैं अपनी भूल स्वीकार करता हूं, मेरी जानकारी उन्होंने बढ़ाई, मैं उनका आभारी हूं।

श्री प्रकाश मेहरोत्रा (उत्तर प्रदेश): यह उत्तर प्रदेश से राज्य सभा में आने के लिए हैं।

श्री नारायण दत्त तिवारी : मैं आभारी हूं, आप ने मेरी जानकारी बढ़ाई। उन की संसदीय प्रतिभा का मैं आदर करता हूं। लेकिन, श्रीमन्, यह प्रश्न राजनैतिक विरोधाभास की भावनाओं से परे मै मानता हूं और मैं यह आग्रह करूंगा विद्वान संसद-सदस्य से कि इस में कांग्रेस (आई) या राजनीति या पार्टियों का उल्लेख वह न करते तो अधिक संसदीय होता। श्रीमन्, यहां पर उन्होने श्री यशपाल कपूर का उल्लेख किया। मैं समझता हूं कि जो संसद सदस्य हैं वे उन का नाम सोच विचार कर लेते हैं ससद के सदस्य नहीं हैं या यहां पर प्रतिवाद करने के लिये

उपस्थित नहीं है और ऐसे लोगों पर आक्षेप लगाना विद्वान सदस्य जानते हैं कि उचित नहीं है । श्रीमन, इस संबध में मैं कहना चाहता हूं कि श्री यशपाल कपूर इस संबंध में हम से नहीं मिले और न उन्होंने इस प्रकार का कोई दबाव डाला ।

(Interruptions)

श्री उप-सभापति : आप सुन लीजिए ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : जहां तक प्रश्न है माइनर माडिफिकेशन और मेजर माडिफिकेशन का, माननीय विद्वान सदस्य ने वही बात कही जो मैं कह रहा था । यही मैं देख रहा हूं कि धारा 12 (1) की परिधि के अन्तर्गत कौन से ऐसे संशोधन हैं कि जो इंपार्टेन्ट यानी महत्व शब्द की कानूनी परिधि से बाहर आते है या नहीं आते हैं । अगर वह धारा 12 (1) की परिधि में आते हैं तो कानूनी हैं, यही लिया जा रहा है । जितने विभिन्न सुझाव आये है उन में से कौन और कितने महत्व शब्द की कानूनी परिधि के अन्तर्गत आते हैं और कितने नहीं आते हैं और फिर अगर वह महत्वपूर्ण संशोधन हैं—इंपार्टेंट आल्टरेशन्स इन दि करेक्टर आफ रेकमेंडेशन्स हैं तो उस के लिये धारा 12 (2) का प्रयोग करना होगा । नोटिस देना होगा । अभी तक ट्रिबुनल बनाने के अलावा नोटिस देने का कोई प्रबन्ध नही था, लेकिन 11 नवम्बर को शासन ने नोटिफिकेशन निकाल दिया है जिस में 30 दिन का नोटिस दिया जा सकता है और उन्हें लिखित रूप से 30 दिन का वक्त दिया जा सकता है और उस के बाद निर्णय लिया जा सकता है । इसके लिये, रास्ता खोल दिया गया है ताकि जल्दी से जल्दी निर्णय लेना हो तो लिया जा सके । तो माइनर माडिफिकेशन कौन हैं और मेजर कौन हैं उस के संबंध में माननीय सदस्य ने जो राय दी है उस पर हम विचार करेंगे और अगर वह माइनर मोडिफिकेशन निकलते हैं तो इस से अच्छी बात क्या हो सकती है ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ramamurti.

SHRI KALP NATH RAI: Another learned man.

SHRI P. RAMAMURTI: Sir, many questions have been raised, but I would like to point out to the Minister that in the tripartite conference to which the hon. Minister made a reference and which was held in September last, both the parties—it is a surprising thing—the employees' representatives as well as the employers' representatives did not want the matter to be further postponed. If you want to make major modifications, you will have to give some notice or you have to send it back to the Tribunal. All these things are there. So, both the parties had stated that the Government should, within the Act, try to make such modifications as are necessary and announce them. Now I do not understand why the Government did not have its consultations with the Law Ministry even before calling the tripartite conference with regard to what exactly the legal position, the constitutional position is with regard to these things. Therefore, it was very easy. After all, this Award was given in the month of August. Both the parties are raising certain fundamental questions. Particularly when the employers were raising certain constitutional positions, the Government could have been ready with the answers to those things, the Government could have armed itself with them even before that. Therefore, where is the question of now going into that? For example, with regard to the question of D.A., the BPE formula is there. For all the public sector undertakings the BPE has given a guideline that it should be

[Shri P. Ramamurti]

1.30, and we are agitating against it. The entire public sector undertakings workers are agitated against it that this guideline will not do because this does not fully protect the rise in the cost of living. Here, it is giving something far less. So, this is not a major question at all. On this question at least, what is given to the public sector undertakings, what has been accepted by the Bureau of Public Enterprises (BPE) towards the public sector undertakings, that modification can be made very easily.

Now he has said that he will announce it before the end of this session. I am happy about it. Now I only want that this undertaking that has been given will not go the way the undertaking that was given by the previous Minister went. Of course, I do not blame him because within a few days he had to go. He went as the Chief Minister of Andhra Pradesh and you had to come. I understand the difficulty.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: He will go to Uttar Pradesh.

SHRI P. RAMAMURTI: I do not know. I hope you won't go away from here before announcing this. He says you will go to U.P. I do not know anything about it. All that I want is that this promise that this exercise will be done within the course of the next two weeks and before the session ends, this announcement will be made, be kept. That is all.

SHRI NARAYAN DUTT TIWARI: Of course, I respect the views of the honourable and learned Member. As I said, we will adhere to our decision and we will make the announcement within the Current Session.

श्री उपसभापति : श्री लाडली मोहन निगम । कृपया संक्षेप में पूछिये, समय बहुत कम है ।

श्री लाडली मोहन निगम : (मध्य प्रदेश) : कहिये तो नहीं पूछूं ।

श्री उपसभापति : ऐसा मैं नहीं चाहता । हाउस साढ़े पांच के बाद न चले, इसीलिए कह रहा हूं । यहां आप संक्षेप में पूछ सकते है ।

श्री लाडली मोहन निगम : उपसभापति महोदय, मुझे वे बातें नही कहनी है जो सदस्यों ने उठाई हैं लेकिन जिन प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल रहे है, उनके बारे में पूछूंगा । मसलन सरकार को रपट मिले करीब करीब तीन महीने हो चुके है । उसके बाद अलग अलग लोगों ने और खास कर उन संस्थानों ने जो इनसे संबंधित है, उन्होंने सरकार के पास अपने सुझाव भेजे । क्या अड़चनें थी, क्यों आप उस पर फैसला नहीं ले सके ? ये शक करने की गुंजाइश आप छोड़ देते है । मिसाल के लिए अगर आप जैसा कहते हैं और यह मानकर चलें कि हिन्दुस्तान के एकाधिकार वाले पोषक तत्वों के हिमायती आप नही हैं तो कुछ न कुछ तो किया जा सकता था । तत्काल आप मामूली चीजें तो आर्डिनेंस के जरिये कर सकते है और आप मानते हैं कि यह ऐसा तबका है जो 20 वर्षों से परेशान है, जिसकी सुविधा के मामले मे, वेतन के मामले में, महंगाई भत्ते के बारे में 20 साल से कुछ नहीं हुआ । तो कम से कम यह सुझाव आ गया था तो आपको यह उचित लगता था तो आर्डिनेंस के जरिये ही कुछ घोषणा कर सकते थे । आप आर्डिनेंस नहीं निकालना चाहते थे तो ऐसे एकाधिकार वाली तत्वों पर अंकुश तो लगाया जा सकता है, सरकार इसमें समर्थ है । जो न्यूनतम चीजें हैं, जो वह लागू नही करते, उनके विज्ञापन ही सरकार बन्द कर देती । आज तक आपने ऐसा नहीं किया । सीधा रास्ता यह है ।

इसके साथ जुड़ा हुआ यह भी है कि यह तो मानी हुई बात है कि एक तरफ

महंगाई बढ़ रही है और जैसे कर्मचारी काम कर रहा है, जिस सीमा में वह काम कर रहा है तो चाहे कैसा बड़े से बड़ा अवार्ड क्यों न हो, उसका न्यूनतम इंतजाम तो होना चाहिए । जैसे आवास की सुविधा है, यह मूलभूत सिद्धांत है । हम नहीं दे पाये, वह बात अलग है । आज भी हिन्दुस्तान में 9–10 करोड़ परिवारों के पास मकान रहने का नहीं है । लेकिन जिसको सुविधा मिल सकती है कानूनन मिल सकती है उस पर आप 15 से घटाकर साढ़े 6 फीसदी कम हो जाए तो क्यों नहीं उसको रोकते हैं । मुझे ऐसा लगता है कि आप उनकी राजी से नहीं कर पायेंगे ।

तीसरी चीज इससे जुड़ी हुई है कि आपको इसमें देर नहीं करना चाहिए । सभी पक्षों को आप सुन चुके हैं । सर्वोपरि हित श्रमजीवी का होना चाहिए और श्रमजीवी का हित सर्वोपरि आपके विभाग में है तो चाहे हिन्दुस्तान के बड़े अखबार वालों पर कितना बड़ा बोझ पड़ता हो, इसकी परवाह किये बिना आप कर सकते हैं । मैं चाहूंगा कि उन लोगों को कानून के हवाले आप करें जिन लोगों ने कर्मचारियों के साथ मखौल और मजाक किया है । अब तो बिलकुल साफ हो गया है कि हर आदमी से वह लोग ठेके पर काम कराते हैं, इस चीज को कम से कम आपको देखना चाहिए । ठेकेदारी प्रथा के आप भी हिमायती नहीं हैं । तो बुनियादी चीज यह है कि जब भी आप कोई फैसला करने जा रहे हैं तो श्रमजीवी पत्रकार का हित सर्वोपरि होना चाहिए । दूसरे जो लोग इस पर आनाकानी करने की कोशिश करते हैं तो साफ है कि आपके पास इतनी ताकत है कि उनके ऊपर आप कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं । कागज के घोटाले के बारे में ही हिन्दुस्तान के बड़े अखबारों के लोग जैसा करते हैं खाली इस मामले को निकालें तो सब के सब धरती पर आ जायेंगे । फिर सरकार को दबाने की उनकी हिम्मत नहीं होगी । उन लोगों को पता लगना चाहिए कि आपका इरादा मजबूत है । नहीं तो फिर 7 करोड़ का आदमी 1700 करोड़ का बन जाता है, वे जैसे कुत्ते को टुकड़े फेंकते है उसी तरह आगे भी फेंकते रहेंगे । तो मैं आपसे विनम्रता से निवेदन करूंगा कि जो कर्मचारियों को तनख्वाहें मिल रही हैं, इसमें कम किसी कीमत पर नहीं होनी चाहिए । उनको जो मकानों की सुविधाएं थी और उसका जो प्रतिशत तय था उसमें किसी कीमत पर कम नहीं होना चाहिये । साथ ही साथ यह है कि जो अखबार आपके सुझावों को, एवार्ड के सुझावों को पूरा करने की कोशिश न करें उनको विज्ञापन देना बन्द कर दें उनका कोटा खत्म कर दें । मैं तो यहां तक चाहूंगा कि श्रमजीवी पत्रकारों को ऐसे अखबार दे दिये जायें वे ही इन अखबारों को चलायें ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : उपसभापतिजी, मैं अपने इन विद्वान सदस्य की भावनाओं का आज से ही नहीं बल्कि अपने विद्यार्थी जीवन से आदर करता रहा हूं । जो भी अपने आदर्शों और विचारों को यहां व्यक्त किया, इतना अवसर नहीं है कि सीमित समय के अन्दर मैं उनके जो विचार और भावनाएं हैं उनसे सही शब्दों और सभी बातों में सामंजस्य व्यक्त कर सकूं । इतना ही कहना चाहता हूं कि श्रमजीवी पत्रकारों के लिये जितनी उनकी सहानुभूति है उससे, तथा हमारा प्रयास है कि हम व्यावहारिक रूप में जो भावनाएं उनकी हैं उनसे, अपने को संजोये रखें । यही प्रयास हमारा होगा ।

जहां तक उन्होंने कहा है कि इसमें देर क्यों हुई है तो उसके कारणों का उल्लेख मेरी सहयोगी मंत्री अपने वक्तव्य में दे चुकी हैं । यह कोई जानबूझ कर नहीं हुआ है ।

[श्री नारायण दत्त तिवारी]

जो कठिनाइयां भिन्न-भिन्न आई हैं उसके कारण इसमें विलम्ब हुआ है। मै फिर आश्वस्त करता हूं अपने मित्र को कि इस अधिवेशन के भीतर इसमें निर्णय हो जाएगा।

श्री शिव चन्द्र झा (बिहार) : मंत्री महोदय योजना मंत्री भी हैं। साथ ही यह जो मामला है लेबर का है जो प्रेस में काम करते हैं उनके बारे में है, तो यह भी मसला उनके सामने है। आप बहुत आसानी से इसका हल निकाल सकते हैं। बावजूद वर्किंग जर्नलिस्ट्स और प्रेस मालिक के कन्फ्रनटेशन के आप रास्ता निकाल सकते हैं। प्रेस का बहुत शानदार रोल रहा है। स्वतन्त्रता का झंडा उसने बुलन्द किया है। लेकिन मानोपाली प्रेस अभी भी है। फ्रीडम आफ द प्रेस खत्म हो गई है। वे बेचारे जो दिन-रात कलम घिसते है वे भी शोषित हुए हैं। उन्हें ठीक तरह से पता नहीं है कि कैसे उनका उद्धार होगा। जैसे बिरला, टाटा के खिलाफ हम अगर बोलेंगे तो अखबारों में नहीं छपेगा इसी प्रकार से जो कलम घिसते है, शोषित होते हैं उनमें इतनी ताकत नहीं है कि वे बगावत करें या अखबारों में छापें। ये समस्यायें वही हैं जो मानोपली उद्योग की होती हैं। इसलिये जो पालेकर एवार्ड है उसके बारे में मालिक कहता है कि ठीक नहीं है। मैने शुरू में कहा कि आप योजना मंत्री भी है और सारी अर्थ व्यवस्था को आयोजित कर रहे है। प्रेस एक उद्योग है लेकिन प्रेस आज वह प्रेस नहीं है जैसा पहले था यानी मराठा प्रेस चलता था या हरिजन को मोहनदास कर्मचन्द गांधी चलाते थे या दूसरे अखबार वाले चलाते थे। यह उसी तरह के मुनाफे का उद्योग है जैसे चीनी मिल का है या दूसरे उद्योग हैं। आप अखबारों को देखते हैं उसमें एडवर्टीजमेंट्स भरे रहते है। इससे वह मुनाफा कमा रहे हैं। मैं कहता हूं जो मजदूर इसमें काम करते हैं उन सब को टी०ए० डी०ए० वगैरह मिलना चाहिये। मेरा आपसे पहला सवाल यह है कि यह जो प्रेस है पिछले पांच साल में उनका प्रोफिट कहिये, इन्कम कहिये कितना बढ़ा है। इससे हम यह अंदाजा लगा सकेंगे कि अब वे पे-स्केल देने मे समर्थ हैं या नहीं। जैसा आपके जवाब में है कि एवार्ड अपनी लाइन से आगे चला गया है, टर्मस् आफ रिफरेंस से हट गये हैं। इनके पिछले पांच सालों में कितने एसेट्स बढ़े हैं, यह स्पष्ट रूप से बताया जाय। इसके साथ-साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि मोनोपोली प्रेस को कंट्रोल करने के बारे में आप क्या सोच रहे है और क्या आप कोई कानूनी प्रतिबन्ध लगाने के बारे में सोच रहे हैं जिस प्रकार से पब्लिक सैक्टर में होता है? क्या आप प्रेस को नेशनलाईज करने की बात सोचते है? अब समय आ गया है जब सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए। मंत्री महोदय को प्रेस को प्लान करने के संबध में सोचना चाहिए। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि पार्टी प्रेस को बढ़ावा देने के लिए आप क्या कर रहे हैं? मैं चाहता हूं कि जो कुछ इंडस्ट्रीज हैं जिनके अन्तर्गत प्रेस चलता है, क्या आप उसको नेशनेलाइज करेंगे? तीसरा और अंतिम सवाल मेरा यह है कि प्रेस में काम करने वाले कर्मचारियों के पे-स्केल में सुधार करने के साथ-साथ क्या आप इस बारे में भी सोच रहे है कि कोई इस प्रकार की व्यवस्था की जाय जिससे प्रेस के मैनेजमेंट में वर्कर्स का भी पार्टिसिपेशन हो? आज जो झमेले पैदा होते हैं और जो समस्याएं पैदा होती हैं उनको हल करने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि मजदूरों का पार्टिसिपेशन उद्योगों में हो। हमारे देश में जो वर्किंग जरनैलिस्ट्स और नान-वर्किंग जरनैलिस्ट्स प्रेस में काम करते हैं उनका प्रेस के मैनेजमेंट में कितना पार्टिसिपेशन हो और उनके सहयोग से प्रेस को चलाया जाय, क्या इसको बढ़ावा देने के लिए आप तैयार हैं? ये मेरे तीन सवाल है जिनका मंत्री महोदय उत्तर देने की कृपा करें।

श्री नारायण दत्त तिवारी : श्रीमन्, विद्वान सदस्य ने बड़े-बड़े समाचार-पत्रों की

आमदनी के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाही है। अगर वे सही जानकारी और आमदनी बता दें तो मैं उनका बहुत अनुग्रहीत होता। वस्तुतः यह भी तो विवाद का विषय है।

लेकर एवार्ड के बारे में भी श्रमजीवी पत्रकारों की ओर से एक यह विवाद का विषय उठाया गया है कि बहुत से समाचार-पत्र अपनी सही आमदनी नहीं बताते हैं। यही विवाद का प्रश्न है। लेकिन जहां तक उन्होंने वैधानिक और वैचारिक जगत के स्तर पर इस प्रश्न को उठाया है उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जहां तक वर्कर्स का मैनेजमेंट में पार्टिसिपेशन का प्रश्न है, श्रमिकों को प्रबन्ध में कितना सहगामी बनाया जाय, इसका सवाल है, ये प्रश्न पालेकर एवार्ड से भिन्न है। मैं उनकी भावनाओं का आदर करता हूं। लेकिन यह प्रश्न अलग है। मैं चाहूंगा कि विद्वान सदस्य से इस बारे में परामर्श कर सकूं और पत्रकार जगत किस प्रकार से प्रबन्ध में सहगामी हो सके, इसके संबंध में उनके विद्वतापूर्ण सुझाव अलग से चाहूंगा।

श्री शिव चन्द्र झा : आपने पार्टी प्रेस के बारे में कुछ नहीं बताया है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Special Mentions. I would request hon. Members to take very little time so that we can finish them. Shri Nanda.

REFERENCE TO THE STUDENTS' AGITATION IN ORISSA

SHRI NARASINGHA PRASAD NANDA (Orissa): Mr. Deputy Chairman, Sir, the situation in Orissa is very grave. (*Interruptions*). An unprecedented agitation started in the third week of September and it has not abated. On the contrary, it is gaining momentum day by day and has by now engulfed the entire western Orissa region. It is fast spreading to coastal Orissa, Sir, today a massive demonstration was organised before the Orissa Secretariat which is situated in Bhubaneswar and all kinds of consequences have followed. I do not want to describe them in detail at this stage. Sir, the situation has cost the businessmen of western Orissa properties worth crores of rupees. Students have missed their classes for more than two months. Now an All Orissa Students Action Council has been formed and they have presented a charter of demands. Their demands are: (1) Arrest and punishment of all those responsible for assaulting students. (2) Unconditional release of all students and withdrawal of cases against them. (3) Adequate compensation for victims of the police action. (4) Strong action against hoarders and black-marketeers and profiteers. (5) Seizure of black money and unaccounted property. (6) Supply of essential commodities at fair prices, (7) making education free up to 11th class, and (8) relief and rehabilitation of flood victims.

In a nutshell, in September there was a very severe flood in Orissa. Students were collecting funds. There was a clash between the trading community and the students. Some students were very seriously injured. They were hospitalised. From then on violence started. Anti-social elements came into the picture. There was loot and arson resulting eventually in police firing and death of a number of innocent persons, particularly of a youngman, a fisherman, at Bimka, and another person whose name is Jagatram Pansari of Titlagarh. Now, thousands of students have been arrested and though the Chief Minister asserted. . . (*Time bell rings*) Sir, I have taken less than two minutes. I am trying to conclude...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, you have taken three minutes.

SHRI NARASINGHA PRASAD NANDA: Anyway, I am concluding.

Though thousands of students have been arrested and though the Chief Minister asserted that he would not